Title :  Need to establish a Rashtriya Arandi Board-laid

श्री हरीभाई पटेल **(महेसाणा) :** भारत एक कृषि प्रधान देश होने के कारण कृषि के क्षेत्र में किसानों की मदद के लिये सरकार के द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं । दिवेला यानि अरंडी गुजरात की एक महत्वपूर्ण फसल हैं और यह उत्तरी गुजरात में बहुत ही बड़े पैमाने पर उगाई जाती हैं गुजरात राज्य की बात करें तो यहां 6.80 लाख हेक्टेयर में दिवेला फसल की खेती की जाती है और इसका उत्पादन 13.92 लाख मीट्रिक टन होता है । मेहसाणा जिले में 87000 हेक्टेयर में दिवेला की खेती की जाती है और 2422 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की उत्पादकता के साथ 2.11 लाख टन का उत्पादन किया जाता है । नर्मदा योजना की सिंचाई सुविधा के कारण दिवेला फसल जिले के साथ-साथ उत्तर गुजरात के किसानों के लिए भी एक महत्वपूर्ण फसल बन रही है । मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि दिवेला यानि अरंडी की खेती को देखते हुये देश के गुजरात राज्य में "राष्ट्रीय अरंडी बोर्ड" की स्थापना की जाय । जिससें अरंडी उत्पादन करने वालें किसानों की समस्त समस्याओं का भी निदान किया जा सकें और अरंडी खेती को भी बढ़ावा मिल सकें ।